HINT MEDIA

Date: 23/12/2021

आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा प्राइड आफ इंडिया सम्मान से सम्मानित

Hint Media Thursday, 23 December 2021, 12:36 pm No Comments

गाजियाबाद| आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा को देश में प्रतिष्ठित MS Talk संस्थान द्वारा प्राइड आफ इंडिया के सम्मान से सामनित किया गया है। श्री चड्ढा को यह सम्मान उनके शिक्षा, स्वाथ्य एवं समाज के वंचित वर्ग के उत्तान के प्रयासों को ध्यान में रखते हुए किया गया है। यह सम्मान MS Talk संस्था के अंतर्राष्ट्रीय स्पीकिंग चैंपियनशिप- 2021 के अवसर पर गुरुग्राम के होटल लेमन ट्री में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस अवसर पर MS Talk के फाउंडर एवं CEO आथर शैरी ने अर्पित चड्ढा के कार्यों, योगदान एवं प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गत कई वर्षों से लगातार उन्होंने श्री चड्ढा के योगदान को देखा है तथा विशेष रुप से सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहा स्वस्थ्य सुविधाओं का बहुत अभाव है, उन क्षेत्रों में जिस प्रकार से आईटीएस ग्रुप ने कार्य किया है वह अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय एवं एक प्रेरणा का श्रोत है। उन्होंने कहा की श्री अर्पित चड्ढा का चयन करके वह स्वयं अपने आपको सम्मानित महसूस कर रहे हैं।

इस अवसर पर MS Talk एवं इसके सीईओ आथर शैरी का धन्यवाद करते हुए अर्पित चड्डा ने कहा की एक जिम्मेदार शिक्षण संस्थान के रूप में वह अपने उत्तरदायित्यों को अच्छी प्रकार समझते हैं एवं समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े एवं वंचित वर्ग के लिए संस्था ने अपने स्थापना काल से ही सबके लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य (पढ़ाई और दवाई) के मिशन पर कार्य कर रहा है। उन्होंने देश के सभी सक्षम लोगों से आगे आकर अपने स्तर पर कार्य करने एवं योगदान तथा इस प्रयास में जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया जिससे अंत्योदय के सिद्धांत को सही रूप में प्राप्त किया जा सके। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा के लिए अत्यधिक शिक्षा के अवसर सृजित करने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने की आवयश्कता पर भी बल दिया एवं कहा की देश की विकास की कल्पना बिना 50 प्रतिशत हिस्से की शिक्षा तथा विकास के कभी प्राप्त नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा इसी बात को ध्यान में रखते हुए आईटीएस ग्रुप द्वारा लगभग 10 वर्ष पूर्व चड्ढा पब्लिक स्कूल की स्थापना की गयी एवं उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आज लगभग पांच सौ से भी अधिक गरीब परिवारों की बालिकाएं इस स्कूल में पूर्ण रूप से नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर रही हैं जिसमें उनके रहने, खाने, शिक्षा सामग्री, किताबें सब कुछ संस्था द्वारा निशुल्क प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने इस अवसर पर प्रतियोगिता में भाग ले रहे पुणे निवासी एक 13 वर्षीय किशोर मोहम्मद अनस, जो आर्थिक रूप से सम्पन्न न होते हुए भी अपनी लगन से अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचा, उसे आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद में बीसीए अथवा बीबीए पाठ्यक्रम में पूर्ण रूप से नि:शुल्क प्रवेश एवं पूरी शिक्षा प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर उनकी मां ने अर्पित चड्ढा का धन्यवाद करते हुए उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनके बच्चे के बहुत बड़ी बात है। इस कार्यक्रम में देश की विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिष्ठित शिक्षाविद, उद्यमी तथा व्यवसाय जगत की प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थित थीं।

Web link: https://www.hintmedia.in/arpit-chadha-vice-chairman-of-its-the-education-group-honored-with-pride-of-india-award/